जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की दिनांक 05.12.2022 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः—

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, के शा0सं0 95/छिहत्तर–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति को जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है।

जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की स्वीकृति एवं आई0एस0ए0 मैसर्स ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोएडा के देयको के भुगतान पर निर्णय हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष गाजियाबादकी अध्यक्षता में **"जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति"** गाजियाबाद की बैठक दिनांक 05.12.2022 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः—

1. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद —उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी गाजियाबाद द्वारा नामित अधिकारी —सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
6. अधिशासी अभियंता, सिचांई खण्ड प्रथम, गाजियाबाद —सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गाजियाबाद —सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
9. जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद —सदस्य सचिव।
11. श्री मुनीश— सीनियर इंजीनियर, मैसर्स. एल0सी0 इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद।
12. श्रीमति तृप्ति खन्ना— टीम लीडर, मैसर्स ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोएडा, आई0एस0ए0।

एजेण्डाः 1 डी0पी0आर0 के संबध में—

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2393/W-22/NIT/2021-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तार्गत जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद हेतु पत्र संख्या–LC/GZB/JJM/220 Date:-23-11-2022 के माध्यम से 27 नग नई डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई है, जिनमे 28 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच करने के उपरान्त तकनीकी रूप से अर्ह पाया गया है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सैंटज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। उक्त समस्त 27 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता, (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान की गई है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि मैसर्स एल0सी0इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0लाख) | सैन्टेज (रू0लाख) | कुल लागत (रू0 लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | नई परियोजनाएं | | | | |
| 1 | असिफपुर उजैड़ा | मुरादनगर | 1 | 608 | 4289 | 211.22 | 22.37 | 233.59 | 4925 |
| 2 | भनैड़ा ~~कलां~~ | मुरादनगर | 1 | 647 | 4104 | 225.10 | 23.85 | 248.95 | 5486 |
| 3 | मौहम्मदपुर धैन्दा | मुरादनगर | 1 | 727 | 6305 | 247.00 | 26.17 | 273.17 | 3918 |
| 4 | नगला अमीपुर | भोजपुर | 1 | 522 | 4203 | 182.58 | 19.34 | 201.92 | 4447 |
| 5 | भिस्सौली | लोनी | 1 | 693 | 6195 | 219.02 | 23.20 | 242.22 | 3535 |
| 6 | सीकरी कलां | रजापुर | 1 | 1177 | 13978 | 293.82 | 31.52 | 325.34 | 2102 |
| 7 | मिल्कचाकरपुर | मुरादनगर | 1 | 404 | 2664 | 158.05 | 16.74 | 174.79 | 6046 |
| 8 | मौहम्मद आमद बागपत | मुरादनगर | 1 | 275 | 1779 | 135.31 | 14.33 | 149.64 | 7606 |
| 9 | सुल्तान नगर छज्जुपुर | मुरादनगर | 1 | 161 | 1047 | 131.39 | 13.92 | 145.31 | 12549 |
| 10 | पुठरी | मुरादनगर | 1 | 360 | 2329 | 181.88 | 19.27 | 201.15 | 7809 |
| 11 | फतहपुर | मुरादनगर | 1 | 181 | 1171 | 112.56 | 11.92 | 124.48 | 9612 |
| 12 | बन्दीपुर | मुरादनगर | 1 | 314 | 2058 | 162.84 | 17.25 | 180.09 | 7913 |
| 13 | मतौर | मुरादनगर | 1 | 357 | 2329 | 153.36 | 16.25 | 169.61 | 6585 |
| 14 | नगला अक्खु | मुरादनगर | 1 | 311 | 2009 | 136.70 | 14.76 | 151.46 | 6804 |
| 15 | युसफपुर मनौटा | रजापुर | 1 | 236 | 2086 | 157.71 | 16.71 | 174.42 | 11667 |
| 16 | मटीयाला | रजापुर | 1 | 329 | 2130 | 155.24 | 16.53 | 171.71 | 11499 |
| 17 | गिरधापुर | रजापुर | 1 | 112 | 714 | 115.72 | 121.26 | 127.98 | 25266 |
| 18 | समयपुर कटियार | रजापुर | 1 | 170 | 1099 | 111.80 | 11.84 | 123.64 | 10173 |
| 19 | डिडवारी | रजापुर | 1 | 358 | 7350 | 158.82 | 16.82 | 175.54 | 6186 |
| 20 | शमशेर | रजापुर | 1 | 495 | 5275 | 217.52 | 23.04 | 240.56 | 4124 |
| 21 | अफजलनगर सीति | लोनी | 1 | 58 | 369 | 84.24 | 8.92 | 93.16 | 22829 |
| 22 | रामपुर उर्फ नरायनपुर | लोनी | 1 | 63 | 688 | 114.37 | 12.12 | 126.49 | 16624 |
| 23 | धारीपुर | लोनी | 1 | 294 | 3619 | 174.75 | 19.50 | 194.29 | 4829 |
| 24 | लुतफुल्लापुर नवादा | लोनी | 1 | 240 | 2465 | 155.73 | 16.50 | 172.23 | 6318 |
| 25 | अवलपुर जोया | भोजपुर | 2 | 253 | 3381 | 202.32 | 22.58 | 224.90 | 5984 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | रोरी | भोजपुर | 1 | 1899 | 23314 | 373.27 | 41.12 | 414.39 | 1601 |
| 27 | औरंगाबाद गदाना | भोजपुर | 1 | 1190 | 12680 | 364.31 | 39.87 | 416.22 | 2968 |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 में से क्रमांक 1. असिफपुर उजैडा 2. भनैडा 3. मौहम्मदपुर धैन्दा 4. नगला अमीपुर 5. निरत्तौली 6. सीकरी कलां कुल 06 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के समस्त निर्धारित मानको के अनुरूप है। शासनादेश सं0–07/2022/430/ छिहत्तर–1–2022–25 सम/2019 दिनांक 04.03.2022 के अनुसार उपरोक्त 06 नग डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण समस्त 06 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान करते हुए जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद द्वारा डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

मानको के अनुरूप नही पाई गई अवशेष 21 नग डी0पी0आर0 के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद द्वारा निर्णय लिया गया है कि उक्त 21 नग डी0पी0आर0 को मैसर्स एल0सी0 इन्फा प्रोजेक्ट प्रा0लि0–टी0सी0एल (जे0वी0), अहमदाबाद एवं जल निगम ग्रामीण द्वारा पुनः जॉच की जाये तथा डी0पी0आर0 को मानको के अनुरूप संशोधित करने का प्रयास किया जाये। जॉच उपरान्त जो डी0पी0आर0 मानको के अनुरूप संशोधित नहीं हो पाती है, उक्त डी0पी0आर0 तथा प्रस्तावित कार्यो का स्थलीय सत्यापन '1. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग 2. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचाई एवं 3. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय) की तीन सदस्यों की समिति बनाते हुए जॉच कराने तथा जॉच के उपरान्त डी0पी0आर0 को पुनः आगामी बैठक में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा:–2 ग्रामीण विकास ट्रस्ट आई0एस0ए0 के देयक के संबध में:–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2428/W-314/JJM-ISA/2020-21 दिनांक 25.01.2021 के कम में अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद के पत्रांक 760/कार्य–34/78 दिनांक 27.05.2021 के द्वारा जनपद गाजियाबाद हेतु चयनित ग्रामीण विकास ट्रस्ट आई0एस0ए0 को विकास खण्ड रजापुर के 34 एवं विकास खण्ड भोजपुर के 47 ग्राम कुल 81 ग्राम आवंटित किये गये थे। अनुबन्धों एवं शासनादेश सं0 03/2021/423/छिहत्तर– 1–2021–03शिकायत/2020 दिनांक 05.02.2021 के द्वारा आई0एस0ए0 को तीन फेज में सभी कार्यो/गतिविधियों को पूर्ण करना प्रस्तावित है। शासनादेश सं0 65/2022/3396/छिहत्तर–1–2022–03सम/2022 दिनांक 03.10.2022 के कम में आई0एस0ए0 द्वारा प्रस्तुत बिलों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से सत्यापित कराकर जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कराने के निर्देश दिये गये है। प्रथम फेज प्लानिंग एवं मोबिलाईजेशन फेज के अन्तर्गत आई0एस0ए0 को कुल 07 नग एक्टीविटी का कार्य एवं डिलिवरेबलस सहित सम्पादित कराया जाना है। अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2737/W-314(Vol-6)/2022-23 दिनांक 07.10.2022 के अनुसार प्रथम फेज की गतिविधियों को पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत का भुगतान एवं 05 नग डिलिवरेबलस प्राप्त करने के उपरान्त 14 प्रतिशत का भुगतान किया जाना प्रस्तावित है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोएडा आई0एस0ए0 द्वारा प्रथम फेज प्लानिंग एवं मोबिलाईजेशन के कार्य कराते हुए अपना धनराशि रू0 1479940.00 का बिल रजापुर ब्लॉक हेतु प्रस्तुत किया गया है उक्त देयक एवं कराई गई गतिविधियों को डी0पी0एम0यू0 गाजियाबाद एवं कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद द्वारा संयुक्त जांच कराई गई। संयुक्त जॉच उपरान्त प्रथम फेज में की गई गतिविधियों में से कुछ गतिविधियां पूर्ण ना होने के उपरान्त कुल 34 प्रतिशत में से ब्लाक रजापुर में 24 प्रतिशत धनराशि 1145760.00 जी0एस0टी0 सहित की संस्तुति की गई है। इसके अतिरिक्त धनराशि रू0 1861860.00 का बिल भोजपुर ब्लॉक हेतु जी0एस0टी0 सहित कार्यालय जल निगम (ग्रामीण) गाजियाबाद में प्रस्तुत किया गया है उक्त देयक एवं कराई गई गतिविधियों को डी0पी0एम0यू0 एवं कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद की संयुक्त जांच उपरान्त प्रथम फेज में की गई गतिविधियों में से कुछ गतिविधियां पूर्ण ना होने के उपरान्त कुल 34 प्रतिशत में से 26 प्रतिशत धनराशि 1561560.00 जी0एस0टी0 सहित का भुगतान करने की संस्तुति की गई है। इस प्रकार ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोएडा द्वारा प्रस्तुत कुल धनराशि रू0 1479940.00+

1861860.00 कुल धनराशि रू0 3341800.00 के सापेक्ष धनराशि रू0 1145760.00+ रू0 1561560.00 कुल धनराशि रू0 2707320.00 की संस्तुति की गई है। ग्रामीण विकास ट्रस्ट नोएडा की प्रतिनिधि श्रीमती तृप्ति खन्ना द्वारा उनकी फर्म के माध्यम से कराये गये कार्यो के अभिलेख एवं फोटोग्राफ इत्यादि प्रस्तुत किये गये। ग्रामीण विकास ट्रस्ट नोएडा के विकास खण्ड रजापुर हेतु प्रस्तुत धनराशि रू0 1479940.00 के सापेक्ष डी0पी0एम0यू0 एवं जल निगम ग्रामीण द्वारा संस्तुत रू0 1145760.00 तथा विकास खण्ड भोजपुर हेतु प्रस्तुत धनराशि रू0 1861861.00 के सापेक्ष डी0पी0एम0यू0 एवं जल निगम ग्रामीण द्वारा संस्तुत रू0 1561560.00 इस प्रकार कुल धनराशि रू0 2707320.00 के भुगतान को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद के सदस्यों द्वारा सत्यापित किया गया तथा उपरोक्त देयको को भुगतान हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने हेतु अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण गाजियाबाद को नामित किया गया है।

बैठक धन्यवाद सहित समाप्त हुई।

अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गाजियाबाद
सदस्य सचिव।

जिला सूचना एंव
जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद
सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता सिचांई,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

प्रभागीय वनाधिकारी
गाजियाबाद सदस्य।

जिला विकास अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद, उपाध्यक्ष।

जिलाधिकारी
गाजियाबाद अध्यक्ष

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गाजियाबाद।